# घटी, विमान ईंधन 5 रुपए प्रति लीटर महंगा

## कीमत में कटौती का होटल और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों को मिलेगा सीधा लाभ

**अंतरराष्ट्रीय मानक दरों के रुख को देखते हुए किया गया है यह बदलाव**

**घरेलू एलपीजी में आखिरी बार सात जून को 29 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी**

**नई दिल्ली ।ए।** होटल और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में उपयोग होने वाली वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में शनिवार को बड़ी कटौती की गई। इसके तहत 19 किलोग्राम के एलपीजी के सिलेंडर के दाम में 192 रुपए की कमी की गई है। वहीं विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 5 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई।

यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय मानक दरों के रुख को देखते हुए किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों से मिली सूचना के अनुसार, दिल्ली में 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर अब 2,930 रुपए के बजाय 2,738 रुपए का मिलेगा। वहीं, एटीएफ की कीमत 110 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 115 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। यह लगातार दूसरा महीना है, जब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में कटौती की गई है। इससे पहले एक जुलाई को 183.50 रुपए प्रति सिलेंडर की कमी की गई थी। वहीं, एटीएफ की कीमत में वृद्धि ने एक जुलाई को की गई लगभग समान कटौती का असर खत्म कर दिया। एक जुलाई और एक अगस्त को वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में की गई कटौती से पहले पश्चिम एशिया संकट के कारण जून में इसकी कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। फरवरी के आखिर में संघर्ष शुरू होने के बाद 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत जून में बढ़कर 3,113.50 रुपए हो गई थी जबकि फरवरी में यह 1,740.50 रुपए थी। यानी इस दौरान इसमें कुल 1,373 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। इसके साथ ही बाजार मूल्य वाले पांच किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत भी 808.50 रुपए से घटाकर 762 रुपए कर दी गई है।



### घरेलू रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं

घरेलू रसोई गैस (14.2 किलोग्राम) की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इसकी कीमत 942 रुपए प्रति सिलेंडर बनी हुई है। घरेलू एलपीजी की कीमत में आखिरी बार सात जून को 29 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

### महीने की पहली तारीख को किया जाता है संशोधन

उल्लेखनीय है कि हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय मानक मूल्यों और विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के आधार पर इन कीमतों में संशोधन किया जाता है। वैट जैसे स्थानीय करों के कारण विभिन्न राज्यों में इनकी कीमतें अलग-अलग होती हैं।

### मार्च में 60 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

इससे पहले पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति प्रभावित होने और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में तेजी के चलते मार्च में 60 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन दोनों ईंधनों की कीमतों में आखिरी बार मई में लगभग 7.50 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

## सेबी ने जीईईएल पर 30 लाख, चंद्रा पर 60 लाख, गोयनका पर 58 लाख का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली ।ए।** सेबी ने एस्सेल समूह की इकाइयों द्वारा लिए गए ऋण को सुरक्षित करने के लिए जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड की हैदराबाद स्थित भूमि को अनधिकृत रूप से गिरवी रखने के मामले में कंपनी को दो महीने और इसके मानद चेयरमैन सुभाष चंद्रा तथा प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पुनीत गोयनका को एक साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा नियामक ने उन पर कुल 1.48 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह जानकारी शुक्रवार देर रात पारित 150 पन्नों के अंतिम आदेश के अनुसार सामने आई है। नियामक ने जीईईएल पर 30 लाख रुपए, चंद्रा पर 60 लाख रुपए और गोयनका पर 58 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।



### वित्तीय विवरणों में नहीं किए आवश्यक खुलासे

नियामक ने आगे कहा कि गोयनका और चंद्रा को यह जानकारी होने के बावजूद कि हैदराबाद स्थित जमीन को सुरक्षा के रूप में रखा गया था और मूल दस्तावेज जून 2020 तक ऋणदाता के पास थे, जीईईएल ने अपने वित्तीय विवरणों में आवश्यक खुलासे नहीं किए।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231**
**ई-मेलः recovery.bilaspur@bankofbaroda.com**

**विक्रय सूचना (बंधक रखी गई सोने की वस्तुओं की नीलामी)**

निम्नलिखित व्यक्ति / व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। उन्हें पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया नोटिस उन्हे प्राप्त हो चुका है (अथवा) बैंक को पावती दिए बिना ही वापस कर दिया गया है। अतः उनसे अनुरोध है कि वे 07.09.2026 तक देनदारी और अन्य शुल्क चुका दें और गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को मुक्त करा लें। ऐसा न करने पर, उक्त प्रतिभूतियों को "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बैंक द्वारा ऑनलाइन नीलामी https://baanknet.com के माध्यम से उधारकर्ता की लागत पर या उसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर, बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, बैंक के पूर्ण विवेक पर, वसूली के लिए बेच दिया जाएगा। शाखा / उधारकर्ता / भार / प्रतिभूत संपत्तियों का विवरण निम्न है:

| क्र. सं. | शाखा का नाम / मोबाईल नंबर | उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | उधारकर्ता का खाता संख्या | कैरेट | सकल वजन (ग्राम में) | शुद्ध वजन (ग्राम में) | बकाया राशि | *प्रारक्षित मूल्य / ईएमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1336-अम्बिकापुर, शाखा, एस्टेट टावर, महामाया रोड अंबिकापुर, छ.ग.- 497001 | श्री रामनरेश यादव पिता श्री सोमारु यादव, निवासी ग्राम- खलीबा, पोस्ट लटोरी - अम्बिकापुर - छ.ग.- 497001 | 13360600003752 | 20 | 86.00 | 66.04 | रु. 3,00,000 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 7,49,405.60 / रु. 74,941 |
| 02 | | | 13360600003753 | 18 | 25.91 | 20.90 | रु. 99,139 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 2,13,441.25 / रु. 21,344 |
| 03 | | | 13360600003754 | 18 | 43.92 | 40.02 | रु. 1,99,877.84 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 4,08,704.25 / रु. 40,870 |
| 04 | 3135 - भाटापारा, नेरा जय स्तंभ चौक गांधी मंदिर वार्ड विशाल मेगा मार्ट के पास, भाटापारा, पिन 493118 | श्री विद्या सागर गुप्ता पिता श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता, निवासी 16 / 280, जगौतिन बलभद्र वार्ड, बब्बू होटल, नया बस स्टैंड, भाटापारा पिन-493118 | 31350600003647 | 22 | 27.20 | 16.00 | रु. 1,32,000 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 2,17,147.20 / रु. 21,714.72 |
| 05 | 3416- रहंगी, पीडब्ल्यूडी कार्यालय रोड, पो.ऑ. चकरभाठा, बिलासपुर, छ.ग. पिन 495220 | श्री संतराम नेतराम पिता श्री दिरझाराम नेताम, ग्राम घोगरा बिल्हा बोदरी-बिलासपुर छ.ग.- 495224 | 34160600001574 | 22 | 9.12 | 7.75 | रु. 26,913 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 1,05,181 / रु. 10,519 |
| 06 | 3568- मनेन्द्रगढ़, मुख्य बाजार, मनेद्रगढ़ - एमसीबी 497441, छ.ग. | श्री ओम प्रकाश पासवान, निवासी मकान नं. 9, वार्ड 03, सीआरओ कैंप खोंगरा पानी, मनेंद्रगढ़ पिन- 497446, छ.ग. | 35680600001458 | 18 | 12.36 | 9.47 | रु. 40,000 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 96,712.38 / रु. 9,671 |
| 07 | | श्री सतीश कुमार अग्रवाल, निवासी मकान नं. 71 / 1 विवेकानन्द चौक, मनेन्द्रगढ़ एमसीबी 497442, छ.ग. | 35680600001461 | 18 | 20.10 | 14.10 | रु. 25,421.20 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 1,43,996 / रु. 14,400 |
| 08 | 5486 - चांपा, डिडवानिया कॉम्प्लेक्स, गौशाला रोड, चांपा जिला जांजगीर - चांपा 495671, छ.ग. | श्री अभय प्रताप सिंह पिता श्री टारजन सिंह, वार्ड 18, बेलदार पारा, चांपा, छ.ग.- 495671 | 54860500000696 | 22 | 18.70 | 18.20 | रु. 66,246.13 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 2,47,005 / रु. 24,701 |
| 09 | 5920 - व्यापार विहार, बाजपेयी पवेलियन, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 495001, छ.ग. | श्री देवेन्द्र कुमार जयसवाल पिता श्री छोटे लाल जयसवाल, निवासी मकान नं. 7 / 1, जरहाभाठा, तालापारा रोड, कुम्हारपारा, मदर टेरेसा नगर, बिलासपुर छ.ग.- 495001 | 59200600001871 | 20 | 21.37 | 21.20 | रु. 1,19,838 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 2,40,572.3 / रु. 24,057 |
| 10 | | श्री मेघनाथ काछी पिता श्री जय प्रसाद काछी, वार्ड नं. 6, तिलक नगर, डीआर के सामने, देवरस होम, बिलासपुर, छ.ग.- 495001 | 59200400000307 | 20 | 23.06 | 20.90 | रु. 69,434.71 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 2,37,167.97 / रु. 23,717 |
| 11 | 7303- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, पहली मंज़िल, श्रीराम क्लॉथ मार्केट, बिलासपुर, छ.ग.- 495001 | सुश्री मंजुला नायर C/o शिव प्रशांत पोक्कंडाथ हाउस नं. 3 / 943, जी 2 एल 4 रिंग रोड नं. 2, शांति नगर, बिलासपुर, छ.ग.- 495001 | 73030600001387 | 22 | 7.78 | 7.70 | रु. 38,000 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 1,04,502 / रु. 10,450 |
| 12 | 8035- चिरिमिरी वार्ड नं. 29, बस स्टैंड के पास, बड़ा बाजार, चिरिमिरी जिला- एमसीबी, छ.ग.- 497449 | श्री राहुल कुमार पिता श्री लव कुमार, वार्ड नं. 08 मूर्ति पारा, कोरिया कोलियरी, चिरिमिरी, जिला एमसीबी छ.ग. - 497559 | 80350600001303 | 20 | 25.23 | 19.75 | रु. 15,533 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 2,24,118.06 / रु. 22,412 |
| 13 | | श्री राकेश स्वामी पिता श्री रमेश स्वामी, वार्ड नं. 15, पंखा दफाई, चिरिमिरी जिला एमसीबी छ.ग.497451 | 80350600001535 | 20 | 12.62 | 10.09 | रु. 48,900 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 1,14,498.80 / रु. 11,450 |
| 14 | | श्री राजेश गुप्ता पिता श्री शिवपाल गुप्ता 423, कैंटीन दफाई, हल्दीबाड़ी, चिरिमिरी, जिला एमसीबी, छ.ग.- 497451 | 80350600001759 एवं 80350600001835 | 20 एवं 20 | 11.67 एवं 13.55 | 11.05 एवं 12.50 | रु. 60,000 + ब्याज + अन्य प्रभार एवं रु. 80,000 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 1,25,393 / रु. 12,539 एवं रु. 1,41,847 / रु. 14,185 |

ऑनलाइन नीलामी भारतीय समयानुसार 08-09-2026 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैंकनेट पोर्टल ( https//baanknet.com/eauction-psb/x-login ) के माध्यम से इच्छुक बोलीदाता क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर / शाखा


**न्यूज डायरी**



### हुंदै मोटर इंडिया की जुलाई में बिक्री रिकॉर्ड 75,360 इकाई पर

**नई दिल्ली ।ए।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड की बिक्री जुलाई 2026 में 25.4 प्रतिशत बढ़कर 75, 360 इकाई रही। यह कंपनी की अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री है। एचएमआईएल ने जारी बयान में कहा कि घरेलू बाजार में भी बिक्री अब तक की सर्वाधिक 54,210 इकाई रही, जो पिछले वर्ष के इसी माह से 23.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। निर्यात 31.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 21,150 इकाई रहा। कंपनी के एमडी एवं सीईओ तरुण गर्ग ने कहा, हमने नई तिमाही की शुरुआत मजबूत प्रदर्शन के साथ की है।

### एफएसएसएआई ने स्विट्ज फूड्स का लाइसेंस निलंबित किया

**नई दिल्ली ।ए।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने स्विट्ज फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की विनिर्माण इकाई में खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विनिर्माण इकाई के निरीक्षण के दौरान पाई गई गंभीर अनियमितताओं के बाद स्विट्ज फूड्स का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। एफएसएसएआई ने कहा, भोजन का निर्माण, पैकिंग और भंडारण अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जा रहा था।

### टाटा मोटर्स पैसेंजर की कुल बिक्री बढ़कर 63,760 इकाई पर

**नई दिल्ली ।ए।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) की कुल बिक्री जुलाई में 59 प्रतिशत बढ़कर 63,760 इकाई हो गई। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 40,175 इकाई थीं। टीएमपीवीएल ने जारी बयान में बताया कि जुलाई 2025 में 39,521 इकाई की तुलना में जुलाई 2026 में कंपनी की घरेलू पैसेंजर व्हीकल्स (पीवी) बिक्री 58 प्रतिशत बढ़कर 62,611 इकाई हो गई।

## समयसीमा बढ़ाने से रियल एस्टेट क्षेत्र को मिलेगी राहतः निकाय

**परामर्शः परियोजनाओं को पूरा करने डेवलपर्स को मिलेगी राहत**

**नई दिल्ली ।ए।** रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख निकाय क्रेडाई और नारेडको ने रियल एस्टेट परियोजनाओं को पूरा करने की समयसीमा चार महीने बढ़ाने संबंधी सरकार के परामर्श को इस क्षेत्र के कारोबारियों के लिए राहत भरी पहल बताया है। निकायों ने कहा कि इससे निर्माण सामग्री की कमी से जूझ रहे डेवलपर्स को राहत मिलेगी। उन्होंने राज्यों के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरणों (रेरा) से यह समय सीमा जल्द से जल्द बढ़ाने का अनुरोध किया, ताकी इस उद्योग को राहत मिल सके। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी राज्यों के रेरा के लिए परामर्श जारी कर कहा था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे निर्माण सामग्री की कमी पैदा हो गई है और रियल एस्टेट परियोजनाओं का समय पर निर्माण प्रभावित हो रहा है। ऐसे में पात्र परियोजनाओं के पंजीकरण और निर्माण पूरा करने की समयसीमा चार महीने बढ़ाई जाए। इस परामर्श को लेकर क्रेडाई के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, मंत्रालय का यह परामर्श रियल एस्टेट क्षेत्र की मांग के अनुरूप एक सकारात्मक कदम है। पटेल ने कहा, हालांकि युद्ध की वजह से आई रुकावटों के कारण इस उद्योग को निर्माण सामग्री की आपूर्ति और श्रमिकों की उपलब्धता में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन समय सीमा के विस्तार वाले परामर्श से डेवलपर्स को परियोजना पूरा करने की निर्धारित समय को मौजूदा बाज.ार की स्थिति के हिसाब से तय करने में मदद मिलेगी।



### सरकार का फैसला व्यावहारिक और दूरदर्शीः सिग्नेचर

सिग्नेचर ग्लोबल के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं से निर्माण सामग्री की उपलब्धता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, चार महीने का विस्तार देने का सरकार का फैसला व्यावहारिक और दूरदर्शी है।

### विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा के तहत 40.82 अरब डॉलर जुटाए गए

**मुंबई ।ए।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को कहा कि विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती स्वैप सुविधा ने 31 जुलाई तक 40.82 अरब अमेरिकी डॉलर आकर्षित किए हैं। विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा के माध्यम से उल्लेखनीय धन जुटाया गया। कुल प्रवाह में एफसीएनआर (बी) जमा का हिस्सा 36.725 अरब डॉलर रहा, जबकि विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) ने 2.575 अरब डॉलर का योगदान दिया और बाहरी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) की राशि 1.516 अरब डॉलर रही। देश के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए आरबीआई ने पांच जून को नए एफसीएनआर (बी) जमा, ओएफसीबी और ईसीबी प्रवाह के लिए रियायती स्वैप की पेशकश सहित कई उपायों की घोषणा की थी।



## मारुति सुजुकी की कुल बिक्री बढ़कर 2,41,421 इकाई पर

**नई दिल्ली ।ए।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) की जुलाई में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 2,41,421 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1,80,526 इकाई थी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि जुलाई में उसकी घरेलू यात्री वाहन बिक्री 43.4 प्रतिशत बढ़कर 1,96,203 इकाई रही, जबकि जुलाई 2025 में यह 1,37,776 इकाई थी। जुलाई 2026 में कंपनी ने घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री की अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं, हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) सहित कुल घरेलू बिक्री भी रिकॉर्ड 2,00,123 इकाई रही। ऑल्टो और एस-प्रेसो समेत छोटी कारों की बिक्री जुलाई में बढ़कर 12,634 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष जुलाई में 6,822 इकाई थी।

## सकल जीएसटी संग्रह बढ़कर 2.11 लाख करोड़ के पार

**जुलाई में सकल माल एवं सेवा कर में 15.4 प्रतिशत की वृद्धि**

**नई दिल्ली ।ए।** सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक पहुंच गया। घरेलू लेनदेन और आयात से अधिक कर संग्रह के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

पिछले वर्ष जुलाई में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपए रहा था। वहीं, जून 2026 में यह लगभग 1.95 लाख करोड़ रुपए था। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में कुल जीएसटी संग्रह 2,11,205 करोड़ रुपए रहा। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से 39,835 करोड़ रुपए, राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) से 47,881 करोड़ रुपए और एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) से 1.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक का संग्रह हुआ। कुल कर वापसी यानी रिफंड इस दौरान 13.1 प्रतिशत बढ़कर 29,968 करोड़ रुपए रहा। कर वापसी समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.81 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा।




**व्यापार** | **एनईवी पोर्टफोलियो ने किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

# एचएमएसआई, निसान, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, टीकेएम की वाहन बिक्री में वृद्धि

नई दिल्ली ।ए। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) की कुल बिक्री जुलाई 2026 में पांच प्रतिशत बढ़कर 5,42,934 इकाई रही, जबकि पिछले साल जुलाई में यह



प्रतिशत बढ़कर 9,339 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 5,608 इकाई थी। कंपनी ने शनिवार को बयान में बताया कि घरेलू थोक बिक्री जुलाई में 4,518 इकाई रही, जो पिछले वर्ष जुलाई में

### महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिक्री बढ़कर 1,03,860 इकाई पर

**नई दिल्ली ।ए।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की कुल वाहन बिक्री जुलाई में 26 प्रतिशत बढ़कर 1,03,860 इकाई हो गई। कंपनी ने शनिवार को बताया कि जुलाई 2026 के दौरान घरेलू बाजार में यूटिलिटी व्हीकल की बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 60,048 इकाई रही, जो जुलाई 2025 में 49,871 इकाई थी। एमएंडएम ने बताया कि जुलाई में कंपनी की घरेलू